चुनाव आयोग के निर्देश पर ईवीएम व वीवीपट की फर्स्ट लेवल टेस्टिंग का काम हुआ पूरा

# विस चुनाव के लिए 16 हजार ईवीएम तैयार

हाजीपुर | निज संवाददाता

जिले में कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलाव के बीच भी चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी तैयारी में जुटा है।

चुनाव के लिए 16हजार 840 ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल एफएलसी टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया। टेस्टिंग का काम पूरा होने के बाद शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष इन एवीएम और वीवीपैट मशीनों की तीन दिवसीय मॉक- पोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डीएम उदिता सिंह अधिकारियों की टीम के साथ हरिवंश पुर स्थित वेयरहाउस में चल रहे मॉक पोल कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान वेल कंपनियों के अभियंताओं वहां तैनात अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर कई जानकारी ली। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को टेस्टिंग की गई ईवीएम और वीवीपैट को रेंडम चेकिंग कर दिखाया गया। नई तकनीकी वाले इन ईबीएम और वीवीपैट की जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सेल के जिला प्रभारी सहसंयोजक अधिवक्ता मुकेश कुमार, लोजपा की ओर से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह के अलावा सीपीएम सहित अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने मॉक –पोल में हिस्सा लिया।

इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि कंपनियों के 10 अभियंताओं के देखरेख में आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों से मंगवाई गई थी। 3 दिनों तक मॉक पोल का कार्यक्रम चलता रहेगा। इस दौरान रेंडम जांच की जाएगी।

**पोल शुरू**

- राजनीतिक दलों के साथ तीन दिवसीय मॉक पोल शुरू
- 781 ईवीएम और वीवीपैट को किया गया रिजेक्ट

**781** वीवीएम किए गए रिजेक्ट

**03** दिनों तक मॉक पोल का चलेगा काम

फर्स्ट लेवल टेस्टिंग के बाद राजनीतिक दलों के साथ कराए जा रहे मॉक पोल का निरीक्षण करती डीएम उदिता सिंह।

**जांच में 16 हजार 59 ईवीएम– वीवीपैट दुरुस्त**

स्थानीय हरिवंशपुर स्थित डीआरसी भवन के वेयरहाउस में पिछले लगभग 1 माह से अधिक समय से उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के कई जिलों से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगवाई गई 16,840 ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल तकनीकी टेस्टिंग का काम चल रहा था। टेस्टिंग कार्य में जुटे ग्रामीण विभाग के अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी जांच व फर्स्ट लेवल टेस्टिंग के दौरान कुल 205 बीयू , 224 सीयू और 352 वीवीपैट को रिजेक्ट कर दिया गया। ये सभी ईवीएम और वीवीपैट तकनीकी रूप से ठीक नहीं पाए गए।

**रिजेक्ट 781 ईवीएम होगा जमा**

रिजेक्ट किए गए कुल 781 ईवीएम को कमिश्नरी कार्यालय में जमा कराया जाएगा। ईवीएम जांच कार्य में नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रभारी मनीष कुमार डिप्टी कलेक्टर अमीर अहमद और कहकशां ने अपना सक्रिय योगदान दिया। मॉक पोल कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान डीएम के अलावा उप विकास आयुक्त विजय प्रकाश मीणा जिला, उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार राय सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे।